सार-समाचार

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। पंचायत समिति सभागार राजगढ में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा राजगढ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षक संघ राजगढ के विद्वान साथियों ने राजगढ ब्लॉक को शिक्षा और सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को सफल बनाकर राजस्थान में प्रथम स्थान पर लाने पर सोमवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। इसी दौरान शाम साढे पांच बजे वक्ताओं ने अपने-अपने सम्बोधन में कहा कि राजगढ बलॉक को शिक्षा एवं सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं में राजस्थान में प्रथम स्थान पर लाना मुख्य बलॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा की सराहनीय मॉनेटरिंग का परिणाम है। वहीं सभी ने आगे भी इसी प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में अनवत उपलब्धि में सहयोग का आश्वासन दिया। इसी दौरान सभी ने सीबीईओ कार्यालय के अधिकारी मुख्य बलॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, एसीबीईओ प्रथम दीवान सूरा, एसीबीईओ द्वितीय बेधडक सिंह का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में संघ के संरक्षक रामकुमार धानिया, संयोजक रघुवीर सिंह, प्राचार्य ब्रह्मानंद मेहरा प्रधानाचार्य, सीताराम सिंघल प्रधानाचार्य, चंद्रभान गोठवाल, प्रधानाचार्य जयवीर भाटीवाल, सहीराम, रतन सिंह सोलडा, मनोज सोलडा, चंद्रभान मेहरा, जयवीर सिंह सिंघल, सुभाष बागोत, किरण भाटी, तेजपाल भगवान सिंह दायमा, महिपाल सिंह सिंहमार, देवीलाल रंगा, राकेश गोठवाल सभा अध्यक्ष, संतलाल, कपिल, विनोद सुवटा, पवन कुमावत सहित अनेक विद्वान साथी उपस्थित देवीलाल जी रंगा राकेश जी गोठवाल सभा अध्यक्ष संतलाल आदि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा का निमंत्रण

चिड़ावा (निसं)। हिंदू नववर्ष के उपलक्षय में 30 मार्च को निकलने वाली विशाल शोभायात्रा की तैयारियां शहर में जोर-शोर से चल रही हैं। श्रीराम परिवार के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पीले चावल वितरित कर लोगों को शोभायात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। शोभायात्रा में श्री रामदरबार की झांकी की मनमोहक झांकियां, बैंड बाजे और डीजे की धुन पर भगवान के जयकारों के साथ नृत्य और गायन होगा। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। श्रीराम परिवार के सदस्यों ने महावीर इंटरनेशनल ग्रुप, भारद्वाज हॉस्पिटल, ब्रह्म चैतन्य संस्थान, चिड़ावा कोर्ट, चिड़ावा पुलिस थाना, सरला पाठशाला एवं झुग्गी झोपड़ी, सुथरा बस्ती , बंजारा बस्ती में जाकर वहां के निवासियों को पीले चावल देकर उन्हें शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। तथा सभी से अपने परिवार के साथ शोभायात्रा में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्रीराम परिवार के नवीन सोनी, पवन शर्मा नवहाल, रमेश स्वामी, सुरजीत सैनी, अमित सैनी, धर्मेंद्र चेजारा, रजनीकांत मिश्रा, राजेश वर्मा, मनीष शर्मा, नितेश जांगिड़, मुकेश टेलर,मनीष शर्मा, अमित चोटिया, सुनील शर्मा, मुकेश पारीक, मनीष जांगिड़, राहुल सोलंकी, जगदीप शर्मा उर्फ शेरा, मनोज शर्मा, विनय सोनी, संदीप बिंवाल, पंकज मिश्रा, किशन स्वामी उपस्थित रहे। श्रीराम परिवार के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा का आयोजन शहर के सभी नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने सभी से शोभायात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया।

नहर की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन को 450 दिन पूरे

चिड़ावा (निसं)। सिंघाना सड़क मार्ग के लालचौक बस स्टैंड पर नहर की मांग को लेकर किसान सभा का धरना 450वें दिन में प्रवेश कर गया है। आज धरने की अध्यक्षता हमीरवास के किसान बहादुरमल गुर्जर ने की। आंदोलन में आज अगवाना के हरीश शर्मा क्रमिक अनशन पर बैठे। हमीरवास के बहादुर मल गुर्जर ने स्थिति की गंभीरता बताते हुए कहा कि क्षेत्र में पीने लायक पानी नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी से खेती और पशुपालन दोनों प्रभावित हुए हैं। जमीन की गुणवत्ता खराब होने से कृषि योग्य नहीं रह गई है।किसानों की मांग है कि 1994 के अनुसार नहर का निर्माण किया जाए। इससे न केवल खेती-बाड़ी को बल मिलेगा, बल्कि आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। धरना समिति ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नवसंवत्सर मनाने की योजना भी बनाई है। धरने में महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्षा सुनीता साईंपवार, तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चाहर, नहर आंदोलन प्रवक्ता विजेन्द्र शास्त्री सहित कई प्रमुख किसान नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। आंदोलन में शामिल लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, धरना जारी रहेगा।

चिड़ावा नगरपालिका का क्षेत्र बढ़ा

चिड़ावा (निसं)। राजस्थान सरकार ने चिड़ावा नगर पालिका की सीमाओं का विस्तार कर दिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। नगर पालिका में पांच ग्राम पंचायतों के राजस्व क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इनमें ग्राम पंचायत ओजटू के राजस्व ग्राम ओजटू और निजामपुर का पूरा क्षेत्र शामिल है। ग्राम पंचायत अरडावता के अंतर्गत खेमू की ढाणी का संपूर्ण सीमा क्षेत्र भी नगर पालिका में जोड़ा गया है। इसके अलावा डालमिया की ढाणी ग्राम पंचायत का पूरा राजस्व क्षेत्र भी अब नगर पालिका का हिस्सा बन गया है। अडूका ग्राम पंचायत का राजस्व क्षेत्र और सेहीकलां ग्राम पंचायत का संपूर्ण क्षेत्र भी नगर पालिका में शामिल कर लिया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार इन क्षेत्रों की कुल जनसंख्या 17,125 है। यह विस्तार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 के तहत किया गया है। निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव इंद्रजीत सिंह ने राज्यपाल की आज्ञा से इस अधिसूचना को जारी किया है।

स्वच्छता का संदेश दिया

सादुलपुर, (निसं)। पंचायत समिति राजगढ बलॉक में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजना के तहत बुधवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणाख्मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गा ढाका के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य हेतु पंचायत समिति राजगढ के विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया द्वारा स्वच्छता से संबधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। वहीं इसी अभियान के तहत ग्राम पंचायत लम्बोर बडी, सांखू, हरपालू कुबडी, सिद्धमुख, कालानाताल एवं ढाणी बडी में सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण कार्य तथा सडकों व गलियों की साफ-सफाई का कार्य कर विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया के निर्देशानुसार पुराने कचरे के ढेर व नालियों की सफाई की गई तथा सफाई अभियान चलाकर पंचायत समिति स्तर से प्रभारी द्वारा उक्त गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा रही है।

दो विद्यार्थियों का नवोदय स्कूल में चयन

चिड़ावा (निसं)। लोहिया शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित लोहिया सैनिक मिलिट्री एकेडमी के 2 विद्यार्थियों का चयन नवोदया स्कूल के लिए चयन हुआ है। संस्था चेयरमैन राम सिंह नेहरा ने बताया की प्रज्ञा पुत्री श्याम लाल वालिया, एकता पुत्री संजय कुमार का चयन नवोदया स्कूल के लिए हुआ है। संस्था चेयरमैन राम सिंह नेहरा, निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया, कोचिंग प्रभारी अनुज चौहान,पूरणमल गजराज कॉर्डिनेटर प्रदीप शर्मा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर कर सम्मान किया। इस अवसर पर सैनिक एकेडमी अध्यापक ओमप्रकाश, हरीश कुमार, गौतम, विजेन्द्र कुमार, अनुज शर्मा, सिमरन कविया, सुमन नेहरा, ममता जांगिड़, मुकेश सैनी आदि का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

निशान शोभायात्रा 30 को

चिड़ावा (निसं)। आगामी नवरात्र के पावन अवसर पर मेढ़ स्वर्णकार समाज की ओर से भव्य निशान शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा 30 मार्च 2025 को रविवार के दिन निकाली जाएगी। शोभायात्रा का प्रारंभ सुबह 11:15 बजे केवल दास जी मंदिर, गांधी चौक से होगा। यात्रा का समापन रेलवे स्टेशन स्थित माता रानी के प्राचीन मंदिर पर होगा, जहां निशान चढ़ाए जाएंगे। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजेश भामा और उपाध्यक्ष कृष्ण कांत सोनी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ इस धार्मिक आयोजन में शामिल हों। उन्होंने कहा कि निशान चढाकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने का यह एक पावन अवसर है।

किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली संभव : सहारण

चूरू (निसं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में बुधवार को किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर बीकानेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अतिथि उपस्थित रहे। आत्मा उपनिदेशक राजकुमार कुलहरि, उद्यान उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव डीआर सुनील मांडिया, पशुपालन संयुक्त निदेशक मदनलाल गहनोलिया, सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल शर्मा, कृषि अनुसंधान अधिकारी कविता बुडानिया, कृषि अधिकारी पूनम व रामामवतार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कृषि उपकरणों पर सब्सिडी, जल संरक्षण, फसल बीमा सहित कृषक हितार्थी योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषकों को समृद्ध बनाने के लिए सशक्त प्रयास कर रहे हैं। किसान जागरूक होकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। इस दौरान सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, सीताराम लुगरिया, एसीपी नरेश टुहानिया, बजरंग कस्वां सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभुदयाल सैनी ने किया।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

किसानों को किया चेक वितरण:- जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने परमेश्वरी देवी, मांगू सिंह, मनीराम, ओमप्रकाश, विद्याधर, नानूराम, सहीराम, चुन्नीलाल, रणवीर सिंह आदि जिला स्तर के प्रगतिशील किसानों, प्याज भंडारण के लिए संदीप, ग्रीन हाउस के लिए पृथ्वी सिंह, सोलर पंप संयत्र के लिए श्योकरण, फव्वारा संयत्र के लिए मनीराम, पीएम किसान योजना अंतर्गत मनीराम, दौलतराम, फरियाद खान, बलबीर, बजरंग तथा उष्ट्र संरक्षण योजना अंतर्गत जितेन्द्र सिंह को चेक वितरित किए।

किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेंगे:- कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक कल्याण के प्रतिबद्ध है। हम किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेंगे। किसानों की समस्याओं के निस्तारण व उनके संसाधनों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से आज किसानों को उनकी उपज के बेहतरीन दाम मिल रहे हैं। उपखंड अधिकारियों को गांव-गांव में किसानों व आमजन की समस्याएं सुनने के लिए कैंप लगाने के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी के साथ अभूतपूर्व निर्णयों से सरकार किसानों को आगे बढा रही है।

सिंजारा का आयोजन

रतनगढ़ (निसं)। शहर में महिलाओं व किशोरियों द्वारा गणगौर का पर्व आस्था भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। शहर में गणगौर गीतों का गायन प्रातः गणगौर पूजन से शुरू होता है जो साय बनोरा व रात्रि में लोकगीतों से जारी रहती है। रिनी कुएं के पास मोहल्ले की महिलाओं द्वारा सामूहिक गणगौर बनोरा व सिंजारा का आयोजन आस्था व भक्ति भाव से किया गया। महिलाओं व नवयौवनाओं ने लोकगीत गाकर गौर माता की पूजा अर्चना करके सुख समृद्धि की कामना की। महिला मंडल अध्यक्ष किरण देवी, रेखा पारीक ने बताया कि गणगौर पर्व महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है तथा विवाह योग्य किशोरियां मनपसंद भावी जीवनसाथी को पाने के लिए गणगौर पूजन करती है। उन्होंने संतोष सारस्वत की ओर से सभी का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर पारंपरिक परिवेश में महिलाओं युवती योंगकांग ने गणगौर के लोक गीतों का आनंद लिया गीतों की प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर किया। आयोजित कार्यक्रम में नानी बाई रो मायरो वाचक कोमल किशोरी ने उपस्थित महिलाओं को संकीर्तन कराया। इस अवसर पर मंजुलादेवी चाकलान, संतोष नौहाल, दुर्गा देवी, सुरभि सारस्वत,नूतन पुरोहित आदि उपस्थित थी।

राजकीय विधि महाविद्यालय चूरू में इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ

राजकीय विधि महाविद्यालय चूरू में इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ एस.के.सैनी के कर कमलों द्वारा किया गया।

चूरू (निसं)। राजकीय विधि महाविद्यालय चूरू में इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ) एस.के.सैनी के कर कमलों द्वारा किया गया।

प्राचार्य डॉ. सैनी ने बताया कि श्री राजीव उपाध्याय सचिव, श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ की प्रेरणा से श्री प्रदीप सराफ रतनगढ़ हाल कोलकता द्वारा महाविद्यालय को एक इंटरेक्टिव स्मार्ट बोर्ड भेन्ट किया गया। जिससे डिजिटल क्लास लेने में आसानी होगी व बच्चे विधि के ज्ञान को ज्यादा अच्छे से समझ पायेगें साथ ही डॉ. सैनी ने भेंटकर्ता श्री प्रदीप जी सराफ व प्रेरित करने वाले श्री राजीव जी उपाध्याय को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य श्री धीरज सक्सैना, महाविद्यालय कें स्टाफ महेन्द्र शर्मा, सूर्य प्रकाष, प्रषान्त, राजेन्द्र सिंह राठैड़, विकास प्रजापत सहित कमल पंवार, हितेष सोनी, पियुष लाटा, ऋषिकेष, उम्मेद, विकास, आषिष, भावना, कोमल जांगिड, सारा खान, श्रष्टी, चंचल पिपलवा, ममता, पूनम, आरती, सुषिला, लतिका शर्मा सहित छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

धरना 36 दिन बाद स्थगित, मांगों को लेकर सहमति बनी

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से चल रहे डॉक्टरों के रिक्त पदों को लेकर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस पत्रकार संघ राजलदेसर व आमजन के द्वारा चल रहा धरना 36 वें दिन स्थगित हुआ।

धरने पर चिकित्सा विभाग के निदेशक देवेंद्र चौधरी के आदेशानुसार मंगलवार देर शाम को रतनगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा , ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष तिवाडी धरना स्थल पर आकर वार्तालाप की एवं उन्होंने सीएचसी में 1 डॉक्टर स्थाई व एक डॉक्टर को दाऊदसर से डॉ. तेयब को राजलदेसर चिकित्सालय में सेवा देने का आदेश जारी किया व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष तिवाडी सप्ताह में एक बार सेवाएं देगें । इसके अलावा अप्रैल माह में दो डॉक्टर परमानेंट ओर लगाने की बात कही । इसके अलावा मई -जून माह में सभी डॉक्टरों रिक्त पद भरने की सम्भावना जताई। जिसको लेकर पत्रकारों ने धरना स्थगित किया। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अवगत कराया की राजकीय चिकित्सालय को 50 बेड़ का हॉस्पिटल किया जाए व चिकित्सा परिसर को नवीनीकरण को लेकर ज्ञापन दिया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी पत्रकारों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार ललित दाधीच ने 36 दिन चले धरने में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी कस्बे वासियों का राजनीतिक दलों का व प्रशासन का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

कस्बेवासियों ने भी पत्रकारों का भव्य स्वागत करके आभार जताया। इस अवसर पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष मदन दाधीच, महासचिव विनोद भाटिया, सचिव मनोज सोनी, उपाध्यक्ष शिवभगवान सोनी, कार्यालय प्रभारी रामोतार पांडे ,श्रवण आचार्य सहित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लाभचंद सोनी , प. उमाशंकर दाधीच , भुवनेश्वर शर्मा, शंकर खडोलिया, रतनलाल बारूपाल, दौलतराम जाट, श्रवण सैनी, पवन मारू, राजेश स्वामी, सुनील मारू, मनीष सोनी ,कन्हैया लाल सैनी, राकेश दाधीच, पवन प्रजापत, विनोद सैनी, कैलाश सोनी, इकबाल, नंदलाल, सुरेंद्र सैनी, भवानी सैनी व अनेकों कस्बेवासी उपस्थित रहे।

'शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी'

चूरू (निसं)। राजकीय सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला उच्च मा. विद्यालय भवन के चार कक्षा-कक्षों का शिलान्यास बुधवार को विधायक हरलाल सहारण ने किया।

संस्था प्रधान निशा अजमेरा ने बताया कि समाज सेवी और कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील भाऊवाला के अथक प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। सुनील भाऊवाला ने बताया कि विधायक कोटे से दो कक्षा-कक्ष व राज्य सरकार की ओर से दो कमरे स्वीकृत हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस विद्यालय में और कमरे स्वीकृत करवाये जाएंगे। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर पं. उमेश व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवायी। संस्था प्रधान निशा अजमेरा ने गणेश पूजा व भगवान विष्वकर्मा पूजन करवाया। कार्यक्रम में कपड़ा व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील भाउवाला ने नगरश्री सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, सुरेश सारस्वत व चन्द्रपकाश शर्मा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम सिंह सिहाग, राजेश कुमार कस्वां, सुभाषचन्द्र शर्मा, गिरधारीलाल, पवन कुमार, राजकुमार सिंह, सुशीला, मंजू सोनी, अभिलाषा भाटी, उषा सोनी, अभिलाषा खेमका, जमना शर्मा, सुभाष कस्वां, अनिल कानखेड़िया, रमेश पारीक, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर कुलदीप गोयल, सुधाकर सहल, सुनील व्यास, मदन पंवार, विजय शर्मा, विनोद फोगला व विनीत चोटिया सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आरती सामौर ने किया।

विधायक हरलाल सहारण ने राजकीय सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला उच्च मा. विद्यालय भवन के चार कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया।

सार-समाचार

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

मुकुंदगढ़, (निसं)। घोडीवारा बालाजी मंदिर बस स्टैंड पर रोडवेज बसों के ठहराव के लिए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश धाभाई के नेतृत्व ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल जिला कलेक्टर से मिला। इस दौरान सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि इस स्टैंड पर हनुमानजी का बहुत प्राचीन एवं बड़ा मंदिर है। यहां पर दूर दूर से यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से आने जाने वाले छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए विभिन्न कोचिंग एवं लाइब्रेरी में पढ़ने जाते है उनको भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी के मध्यनजर 22 जून 2023 को झुंझुनूं आगार प्रबंधक द्वारा द्रुतगामी एवं लोकल बसों का ठहराव के आदेश किए गए थे। लेकिन ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा इस स्टैंड पर बसों को ठहराव नहीं किया जा रहा है। बालाजी स्टैंड के लिए सवारी किसी आगार से टिकट लेकर बस में बैठती है तो उसके साथ कंडक्टर दुर्व्यवहार करके बीच रास्ते में उतार देते है एवं जहां पर टिकट खिड़की नहीं है। वहां से यात्रियों को इस स्टैंड के लिए बैठाया ही नहीं जाता। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल को जिला कलेक्टर ने समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

145 मरीजों की मोतियाबिंद जांच

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट , शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 25वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 145 मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 68 मरीजों का चयन नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया व शेष मरीजो को निःशुल्क दवाई दी । चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे डॉ.नेहा,अनूप जोशी,एडवोकेट कमल सोनी, नरेश पेड़ीवाल, रमेशचन्द्र तापड़िया,प्रभु दयाल झंवर ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा,तेजपाल गुर्जर, मुरलीधर मण्डगिरा,महावीर रामगढ़िया, महेंद्र पारीक,राजकुमार सोनी आदि ने अपनी सेवाएं दी। आगुन्तक अथितियों का स्वागत राकेश जाजू ने किया।

चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

तारानगर (निसं)। पवित्र एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा दिवस की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल सिरसा में एक विशाल जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आस-पास के हजारों मरीजों ने शामिल होकर इसका फायदा उठाया। शिविर में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। चिकित्सकों व शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा व अरदास का शब्द बोलकर शिविर का शुभारंभ किया। मरीजों को निशुल्क दवाईयाँ दी गई। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल स्थित पूज्य बापू मग्घर सिंह जी इंटरनेशनल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें डेरा अनुयायियों की ओर से रक्तदान कर पावन भंडारे की खुशियां मनाई गई।

सीएलजी की बैठक आयोजित

मुकुंदगढ़, (निसं)। स्थानीय पुलिस थाना परिसर में सीएलजी व शांति समिति सदस्यों की बैठक थानाधिकारी सरदारमल यादव की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर थानाधिकारी यादव ने ईद उल फितर, गणगौर, रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती आदि पर्व-त्यौहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनाने का आ ान किया। उन्होंने आमजन से पुलिस का सहयोग करने की बात भी कही। बैठक में रामकुमार सिंह, राजपाल दूलड़, आदित्यनारायण सुरोलिया, ओमप्रकाश, मुमताज खान, हुसैन खान डूंडलोद, मुकेश पारीक डूंडलोद, सचिन सैनी, सतपाल सिंह शेखावत, ओमप्रकाश बिर्ख, ताराचंद कुमावत, कुलदीप सांखला, विनोद स्वामी, हरफूलसिंह, बबलू शर्मा, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

रोजा इफ्तार की दावत दी

सूरजगढ़, (निसं)। रमजान के पाक महीने में सूरजगढ के वार्ड दो के मदरसे में रोजेदारों को दावत ए रोजा इफ्तार पार्टी देकर रोजा खुलवाया। मौके पर रोजेदार सहित पार्षद नरेंद्र शेखावत, पूर्व पार्षद बाबूलाल चेतीवाल, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र चेतीवाल, पूर्व पार्षद अशोक सैन, महेश बड़सीवाल, गिरधारीलाल बडगुर्जर, भूपेश शर्मा, एडवोकेट बबलू सैनी, दिलीप सैनी सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया। सभी लोगों ने कहा कि रमजान के पाक महीने में रोजेदार से रोजा खुलवाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इधर वार्ड दो की मस्जिद में पार्षद महावीर सैनी ने मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर रोजा खुलवाया।

उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया

खिरोड, (निसं)। कस्बे के निकट काजलों की ढाणी में स्थित रूहेला फॉर्म हाउस पर प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा नेता ताराचंद काजला के नेतृत्व में गुलदस्ता भेंटकर एवं गुलाब देवी व श्याना देवी के नेतृत्व में चुनड़ी ओढाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर खिरोड़ सरपंच महावीरप्रसाद भामू, रामावतार महला, मोहरसिंह दूत, नरेंद्र गढ़वाल, सुरेश थोरी, हरफूल पूनियां, सुभाष महला, धर्मपाल तारपुरा, डॉ. एमडी काजला, बीरबल धेथरवाल, शिवपाल काजला, अरुण सहित कई लोग मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ की चौपाई बही

मुकुंदगढ़, (निसं)। डूंडलोद रोड पर स्थित श्री अष्ट विनायक धाम परिसर में बुधवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी ने बताया कि श्याम मंडल पार्टी चूड़ी अजीतगढ़ द्वारा गायक तुलसीराम भाटी व जगदीश द्वारा पाठ किया गया। बाबा को भोग लगाकर महाआरती कर भक्तों को प्रसाद खिलाया गया। इस मौके पर राजकुमार वर्मा, उमादत्त शर्मा, विकास, संजीव, प्रकाश, हरिप्रसाद, शिवशंकर, दीपचंद, भारत, मनोज, उमाशंकर शर्मा सहित सैंकड़ों भक्तगण मौजूद थे।

राजस्थान आवासन मंडल खण्ड झुंझुनूं

आवश्यक सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की खण्ड झुंझुनूं के अधीन आवासीय योजनाओं के निम्न सूची में सम्बन्धित आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय/ नकद भुगतान / स्वर्वित पोषित योजना/खुली बिक्री योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित किये थे। इन आवंटियों ने अपने आवास का विक्रय / हस्तानान्तरण अन्य व्यक्तियों को कर दिया है। आवास क्रय करने वाले व्यक्तियों ने आवास को अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है। मण्डल द्वारा निम्न सूची में सम्मिलित आवास का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण / एवं क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण के विरूद्ध यदि कोई हितकारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 07 दिवस में झुंझुनूं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा यह मानते हुये कि इन आवासों के मूल आवंटी / अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। मूल आवंटी के नाम से आवास निरस्त करते हुये क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

| क्र.सं. | आवास संख्या | मूल आवंटी का नाम | क्रेता का नाम | योजना का नाम | शहर |
|---|---|---|---|---